तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज रणवीरसिंह बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार बिलाड़ा) सू.अ.अ. अपील संख्या 105 / 2019	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.07.19	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी रणवीरसिंह पुत्र गोपालसिंह पता 05, कुबेर नगर, फनवर्ल्ड के पीछे, चौपासनी स्कूल के पास, जोधपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 16.05.2019 में उसके द्वारा (1) ग्राम चोढ़ा तहसील पीपाड़सीटी खसरा नम्बर 183 से 183 / 531 भूमि विभाजन कब तथा किस आधार पर किया तथा भूमि पैमाईश कर्ता के नाम व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बिलाड़ा) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार बिलाड़ा) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना रिकॉर्ड पर उपलब्ध होने पर प्रार्थी को 15 दिवस में सूचना उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	